नोएडा क्राइम एक नजर...

मदद के बहाने कार्ड बदलकर लाखों की खरीदारी

नोएडा (युग करवट)। थाना दादरी क्षेत्र से अज्ञात बदमाशों ने एक किसान का डेबिट कार्ड बदलकर 6.5 लाख रुपए की खरीदारी कर ली। जब किसान के मोबाइल फोन में रुपए कटने का मैसेज आया तो इसकी जानकारी हुई। तिलपता गांव के रहने वाले किसान ऋषि पाल सिंह ने बताया कि दादरी के रेलवे रोड पर स्थित एटीएम बूथ पर वह पैसे निकालने गए थे। पैसे निकालते समय उनका पैसा नहीं निकला। पीछे खड़े दो युवकों ने मदद करने की बात कही, तथा उनका डेबिट कार्ड बदल दिया। इसके बाद उनके खाते से उन्होंने 6.5 लाख की खरीदारी कर ली। पटना की शिकायत उन्होंने पुलिस से की है।

किसान के खाते से निकाले 77 हजार रुपए

नोएडा (युग करवट)। थाना रबूपुरा क्षेत्र के आछेपुर गांव निवासी एक व्यक्ति के अंगूठे के निशान का इस्तेमाल कर साइबर अपराधियों ने उनके खाते से 77 हजार रुपए निकाल लिया। पटना की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की है। आछेपुर गांव निवासी संजीव कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले उन्होंने जेवर के रजिस्ट्री ऑफिस में एक बेनामी के दौरान गवाही दी, जहां उनके अंगूठे का निशान लिया गया था। पीड़ित का आरोप है कि इस निशान के आधार पर 15 दिसंबर को उनके खाते से कुल मिलाकर 77 हजार रुपए निकाल लिया गया। घटना कि घटना की शिकायत थाना रबूपुरा पुलिस से की है।

सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

नोएडा (युग करवट) थाना रबूपुरा क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसे में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मृतक बसंत सिंह (19 वर्ष) बाइक पर सवार होकर सोमवार को यमुना एक्सप्रेस वे के रास्ते जा रहा था, तभी एक ट्रक चालक ने उसे टक्कर मार दिया।

अत्यंत गंभीर रूप से घायल हरेंद्र को उपचार के लिए दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था जहां पर उसकी उपचार के दौरान बीती रात को मौत हो गई। मृतक के पिता की शिकायत पर पटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

साइबर ठग कंपनी के डायरेक्टर के नाम से कर्मचारियों को कर रहे हैं कार्ड खरीदने के लिए मैसेज

नोएडा (युग करवट)। थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र के सेक्टर-135 में स्थित इंडिया मार्ट कंपनी के कर्मचारियों को साइबर ठग कंपनी के डायरेक्टर की डीपी लगा कर एक फोन नंबर से मैसेज भेज रहे हैं। साइबर ठग कर्मचारियों को व्हाट्सएप के जरिए संदेश भेजकर गिफ्ट कार्ड खरीदने का निर्देश दे रहे हैं। इस मामले में कंपनी के अधिकारी ज्योमिका चाल ने थाना एक्सप्रेसवे में मुकदमा दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि कुछ अज्ञात नंबर से कंपनी के कर्मचारियों व पूर्व कर्मचारियों को व्हाट्सएप पर संदेश भेजा जा रहा है। इसमें कंपनी के डायरेक्टर कुलेज अग्रवाल की फोटो लगाकर यह आदेशित किया जा रहा है कि कर्मचारी गिफ्ट कार्ड खरीदें। कंपनी की तरफ से बताया गया है कि कंपनी वेब पोर्टल के माध्यम से बिजनेस करती है, और देश भर में इस कंपनी के 40 दफ्तर है। कंपनी के पास 3,000 से अधिक कर्मचारी है।

गवाह की हत्या में वांछित गिरफ्तार

नोएडा (युग करवट)। थाना बादलपुर क्षेत्र में 2 साल पहले प्लाट के रास्ते को लेकर हुए दोहरे हत्याकांड में चश्मदीद गवाह की हत्या में वांछित आरोपी को पुलिस ने बीती रात को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के एक साल बाद पुलिस की गिरफ्त में आया है। थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गिरधरपुर गांव में 8 फरवरी 2021 को प्लाट के रास्ते को लेकर अमित और सेलक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दोहरे हत्याकांड के चश्मदीद गवाह चुकुर्रु प्रेम सिंह थे। पैरवी करने के दौरान चश्मदीद गवाह प्रेम सिंह की 16 दिसंबर 2021 को खेत से आते हुए गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। घटना की जांच कर रही पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे जनपद बदायूं के निवासी अरविंद कुमार को बीती रात को गिरफ्तार किया है। इस मामले में 2 आरोपियों के पूर्व में गिरफ्तारी हो चुकी है।

पश्चिम बंगाल से लापता किशोरी को नोएडा पुलिस ने किया बरामद

नोएडा (युग करवट)। गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट एनटीएमएम ट्रैफिकिंग यूनिट ने बुधवार को जलपाईगुड़ी पश्चिम बंगाल से अपहृत किशोरी को 2 घंटे में निजरी गांव से खोज निकाला है।

पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा) मीताक्षी कात्यायन ने बताया कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने गौतमबुद्धनगर पुलिस को किशोरी की फोटो और डिटेल उपलब्ध कराया था। उसके आधार पर गौतमबुद्धनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए निजरी गांव से किशोरी को खोज लिया। मेडिकल जांच के बाद किशोरी को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। किशोरी की बरामदगी की सूचना पश्चिम बंगाल पुलिस को दे दी गई है।

65 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

ग्रेटर नोएडा (युग करवट)। थाना बिसरख क्षेत्र में एक 65 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस को मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को शक है कि व्यक्ति की मौत आत्मिक तंद्र के चलते हुई है। मृतक के शरीर पर कोई चोट नहीं है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि राजवीर सिंह पुत्र कैलाश सिंह निवासी अरबके नर्सरी हनुमान मंदिर के पास ने थाना बिसरख पुलिस को सूचना दी कि एक व्यक्ति जिसकी उम्र करीब 65 वर्ष है, हनुमान मंदिर के पास रोड के किनारे उसका शव पड़ा है। पुलिस ने जाकर जब मौके पर चेक किया तो पता चला कि व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नोएडा से चोरी हुई बाइक से गाजियाबाद में स्क्रैप व्यापारी से हुई थी 44 लाख की लूट

मुकदमा दर्ज नहीं करने पर थाना फेस-2 के गेझा चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

नोएडा (युग करवट) जनपद गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र में स्क्रैप कारोबारी परमान से सोमवार की रात को हुई 44 लाख रुपये की लूट के मामले में नोएडा पुलिस की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। उक्त लूट में जिस बाइक का बदमाशों ने प्रयोग किया था, वह नोएडा के थाना फेस-2 क्षेत्र के गेझा गांव से 16 दिसंबर की रात को चोरी हो गई थी। घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए मोटरसाइकिल का मालिक अमित सिंह थाने का चक्कर लगा रहा था, लेकिन पुलिस ने उसकी एक न सुनी। अगर पुलिस ने समय पर मुकदमा दर्ज कर मोटरसाइकिल चोरी होने का संदेश आसपास के जनपदों में भेज दिया होता तो, शायद बदमाश पहले पकड़े जाते और लूट की वारदात नहीं हो पाती। बदमाशों के हौसले इतने बुलंद थे कि वे चोरी करने के बाद भी उन्होंने मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट नहीं बदली तथा असली नंबर प्लेट लगी मोटरसाइकिल से ही घटना को अंजाम दिया। इस घटना ने एक बार इस बात को फिर से उजागर कर दिया है कि नोएडा पुलिस अपराध को दर्ज कर, उसका खुलासा करने के बजाय अपराध को दर्ज नहीं करके क्राइम ग्राफ कम दिखाना चाह रही है, जब इस बात का खुलासा हुआ कि गाजियाबाद के व्यापारी से हुई लूट में नोएडा से चोरी हुई बाइक प्रयोग हुई है, उसके बाद यहां के अधिकारियों ने चौकी प्रभारी गेझा नवनीश कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। लोगों का कहना है कि थाने में मुकदमा दर्ज करवाने के लिए कई- कई दिन तक चक्कर लगाने पड़ते हैं। जब तक पुलिस के बड़े अधिकारी अनुमति नहीं देते तब तक किसी भी थाने में मुकदमा दर्ज नहीं हो रहा है। नोएडा शहर के लोगों का कहना है कि सिर्फ चौकी इंचार्ज के को लाइन हाजिर करने से समस्या का हल नहीं होगा, मुकदमा नहीं दर्ज करने पर थाना प्रभारी से लेकर सहायक पुलिस आयुक्त की भी जिम्मेवारी तय होनी चाहिए।

पुलिस अधयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ला ने इस पर बात की उन्होंने बताया कि लापरवाही मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा दर्ज नहीं करने पर चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

मानसिक तनाव के चलते युवक ने की आत्महत्या

नोएडा (युग करवट)। थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने आज सुबह को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि आज सुबह को थाना पुलिस को सूचना मिली कि बरौला गांव में रहने वाले शुभम वर्मा (29 वर्ष) ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

यूपी में ऐतिहासिक होगी भारत जोड़ो यात्राः सचिन चौधरी

नोएडा (युग करवट)। नोएडा महानगर कार्यालय पर नवनियुक्त जिला प्रभारी एवं प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी और प्रदेश सचिव सुधीर पराशर का नोएडा आगमन पर महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 24 दिसंबर को बदरपुर बॉर्डर और 3 जनवरी को गाजियाबाद लोनी पहुंचेगी। प्रभारी सचिन चौधरी ने कहा कि हम सभी को मिलकर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाना है। जिसके लिए हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को यात्रा में जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पूरे देश ने मिलकर अंग्रेजों से लड़ाई लड़कर देश आजाद कराया था आज राहुल गांधी की यह भारत जोड़ो यात्रा भाजपा सरकार के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम करेगी। भाजपा सरकार चाहती है कि यात्रा रोक दी जाए, लेकिन वे सफल नहीं हो पा रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी, जिले के सह प्रभारी सुधीर पराशर, पीसीसी सदस्य सोनू प्रधान, पीसीसी सदस्य यतेंद्र शर्मा, पीसीसी सदस्य रिजवान चौधरी, पीसीसी सदस्य उषा श्रीवास्तव, महानगर उपाध्यक्ष हरेंद्र लम्बे, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम नागर, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक लियाकत चौधरी, महानगर महासचिव जितेंद्र चौधरी, मोहन, शाहिद सिद्दीकी, चरण सिंह यादव, राम कुमार शर्मा, एसकेएस राणा, और रीमा जायर, गीता ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से नवाजा जाएः त्रिलोक त्यागी

नोएडा (युग करवट)। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने भारतीय जनता पार्टी से मांग की है कि केन्द्र व प्रदेश की सरकारें किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को उनके जन्म दिवस पर भारत रत्न से नवाजने का कार्य करें।

सेक्टर-29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता में रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने कहा कि किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन 23 दिसंबर को देशभर में मनाया जाएगा। जिसके तहत जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही भरतपुर में एक बड़ी रैली आयोजित की जाएगी। जिसमें सभी विपक्षी दल शामिल होंगे। श्री त्यागी ने केन्द्र व प्रदेश सरकार से मांग की कि अन्य क्षेत्रों की महान विभूतियों की तरह किसान नेता को भी भारत रत्न से नवाजा जाए। उन्होंने बताया कि किसानों के मसीहा के जन्मदिन पर 23 से 30 दिसंबर तक जन्मदिवस सप्ताह मनाया जाएगा। जिसमें स्व. चौधरी के विचार और उनकी आवाज को बुलंद करते हुए, गोष्ठी और सेमीनार आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार हाथ के दस्तकारों और उनकी आवाज को दबा रही है। जबकि बड़े उद्योगपतियों को बड़े स्तर की सुविधाएं दी जा रही है। विदेशों में काम ज्यादा है मगर आदमी कम है। जबकि भारत में आदमी ज्यादा है काम कम है। इसलिए छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने की जरूरत है। प्रेस वार्ता के दौरान मेरठ मंडल अध्यक्ष इंदरवीर भाटी, गौतमबुद्धनगर जिलाध्यक्ष जगदेव भाटी, महामंत्री विजेंद्र यादव, हरवीर सिंह, सौकत अली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

रालोद कार्यकर्ता 23 से 30 दिसंबर तक जन्मदिवस को किसान दिवस के रूप में मनायेंगे

जीएल बजाज में रक्तदान शिविर का आयोजन

ग्रेटर नोएडा (युग करवट)। जीएल बजाज कॉलेज के प्रांगण में रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली इंपीरियल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली इंपीरियल के अध्यक्ष तरुण अग्रवाल ने रिबन काटकर शिविर की शुरुआत की। इस दौरान जीएल बजाज शैक्षिक संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल, कॉलेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्तिकेय अग्रवाल, मैनेजिंग ट्रस्टी अंशु अग्रवाल के साथ रोटेरियन दिनेश गुप्ता, निरमल, राकेश बंसल, राजेश मोदी, रोशन, दुष्यंत, मनोज गुप्ता, रामचंद, धीरज आदि मौजूद रहे। शिविर के दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं और अध्यापकों ने कैम्प में बढ़चढ़ कर रक्तदान किया। ब्लड कैंप अधिकारी डा. श्रवण कुमार ने बताया कि कैम्प में कुल 150 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया था लेकिन सभी का उत्साह देखकर चिकित्सकों की टीम द्वारा 205 यूनिट रक्त लिया गया। रक्तदान के बाद अल्प आहार और सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। इस दौरान कॉलेज के निदेशक डॉ. मानस कुमार मिश्रा सहित अन्य अध्यापकगण मौजूद रहे।

एक व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में मौत

नोएडा (युग करवट)। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सोहा कॉलोनी के रहने वाले सुनील (29 वर्ष) पुत्र रामप्रसाद को आज सुबह को नोएडा के सेक्टर-30 स्थित जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया था। यहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में आगे करवाई जनपद गाजियाबाद पुलिस करेगी।

किसान नेता सुखबीर खलीफा के घर में घुसे दो संदिग्ध, जांच में जुटी पुलिस

युग करवट संवाददाता

नोएडा (युग करवट)। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा के घर पर कल दो संदिग्ध युवक बिना किसी सूचना के पहुंच गए। इस मामले की शिकायत उन्होंने थाना फेस-3 पुलिस से की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की तलाश कर रही है।

भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने बताया कि बुधवार को वह अपने घर पर बैठकर किताब पढ़ रहे थे ,तभी दो युवक वहां पर पहुंच गए। दरवाजा खोलते ही युवक सीधे ऊपर जाने लगे। दोनों युवकों की संदिग्ध हरकत देखकर सुखबीर पहलवान ने शोर मचा दिया। उनके शोर मचाते हैं दोनों युवक मौके से भाग गए। उन्होंने उनका पीछा किया, लेकिन बदमाश घर के बाहर खड़ी बाइक पर सवार होकर भाग गए। इस घटना के बाद किसान नेता के घर पर दर्जनों की संख्या में किसान पहुंच गए। उन्होंने थाना फेस-3 पुलिस से शिकायत की है। सहायक पुलिस आयुक्त अमित प्रताप सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की तलाश की जा रही है। मालूम हो कि किसान नेता सुखबीर खलीफा ने नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर कई महीना तक धरना प्रदर्शन किया था, अभी हाल ही में उन्होंने जारचा स्थित एनटीपीसी के खिलाफ किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर कारगी दिनों तक धरना दिया था, तथा वह जेल भी गए थे।

गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपियों को कोर्ट ने सुनाई सजा

नोएडा (युग करवट)। जनपद गौतमबुद्धनगर न्यायालय ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में दो आरोपियों को बुधवार को सजा सुनाई है। दोनों आरोपी गैंग बनाकर लूटपाट और चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। सहायक शासकीय अधिवक्ता बबलू पटेला ने बताया कि जनपद बलिया के रहने वाले जितेंद्र कुमार और नोएडा के बहलोलपुर गांव के रहने वाले राहुल के खिलाफ नोएडा के थाना फेस-2 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। आरोप है कि दोनों गैंग बनाकर लूट और चोरी की वारदात करते है। पुलिस ने जांच पूरी कर दोनों खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। इस मामले की सुनवाई कर रहे अपर जिला जज राजेश कुमार मिश्रा की विशेष अदालत ने गैंगस्टर एक्ट में दोनों को दोषी करार दिया है, और सजा सुनाई है। उन्होंने बताया कि जितेंद्र को साढ़े नौ साल और राहुल को साढ़े तीन साल की सजा सुनाई गई है। दोनों पर पांच- पांच हजार का अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड नहीं देने पर 15 दिन की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

यूपलेक्स में इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट टीम के खिलाड़ी सम्मानित

आयोजित अभिनंदन समारोह में 17 खिलाड़ियों, उनके कोच और फिजियो में से प्रत्येक को 51 हजार रूपये का चेक दिया

नोएडा (युग करवट)। इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को सेक्टर-4 स्थित पैकेजिंग की प्रमुख कंपनी फ्लेक्स ने एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर पैकेजिंग की प्रमुख कंपनी यूपलेक्स इंडिया ने वित्त वर्ष 2023 में भारत में ब्लाइंड क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिये 50 लाख रूपये का सीएसआर अनुदान भी दिया। भारत में ब्लाइंड क्रिकेट के लिये सीएसआर फंडिंग के अलावा, यूपलेक्स लिमिटेड के सीएमडी अलोक चतुर्वेदी ने सेक्टर-4 स्थित कॉर्पोरेट ऑफिस में आयोजित अभिनंदन समारोह में 17 खिलाड़ियों, उनके कोच और फिजियो में से प्रत्येक को 51 हजार रूपये का चेक दिया। कार्यक्रम के दौरान टी20 वर्ल्ड कप में प्रसंसनीय प्रदर्शन पर टीम को बधाई देते हुए अलोक चतुर्वेदी ने कहा कि टी20 वर्ल्ड कप में इंडियन ब्लाइंड टीम का हैट्रिक परफॉर्मेंस दिल को खुश करने वाला रहा। इस उपलब्धि पर हम सभी को गर्व है। वर्ल्ड कप में उनकी जीत की श्रृंखला इस तथ्य को प्रमाणित करती है कि सही सहयोग और प्रेरणा से आप सारी विपरीत स्थितियों के बावजूद विजेता बन सकते हैं। बता दें कि इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट टीम को क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (सीएबीआई) से मान्यता प्राप्त है और इसने अपना तीसरा टी20 वर्ल्ड कप फॉर द ब्लाइंड जीतकर हैट्रिक पूरी की है।

टीम ने बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में बांग्लादेश को 120 रनों के अंतर से हराया है। सीएबीआई क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया एक शीर्ष संस्था है, जो भारत में दृष्टिहीनों के लिये क्रिकेट का संचालन, आयोजन और विकास करती है। भारत के 24 राज्यों में इसके एसोसिएशंस है।

फ्लैट के आसपास राशन वितरण की मांग

नोएडा (युग करवट)। नोएडा शुगी झोंपड़ी सेवा उत्थान समिति ने जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी एक पत्र भेजकर कहा है कि सेक्टर-4, 5, 8, 9 व 10 के झुग्गीवासियों को नोएडा प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-122 में फ्लैट आवंटन किया गया है। यहां पर भारी संख्या में लोग निवास भी करने लगे है। उन्होंने जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी से मांग करते हुए कहा है कि आवंटित व्यक्ति को कई किलो मीटर चलकर राशन के लिए अन्य जगह जाना पड़ता है। इस संबंध में उन्होंने मांग करते हुए कहा है कि सेक्टर-122 में रहने वाले लोगों को फ्लैट के आसपास ही राशन वितरण की व्यवस्था की जाए।

राशिफल

मेष	आज दिन ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर व्यक्ति रहेगा। आज महत्वपूर्ण हल अपना कार्य निकालने में सफल रहेंगे।
वृष	किसी तुलनात्मक का अवसर और तुलनात्मकता आपके लिए वरदान साबित होगी। पूर्व कार्यों से आपको मानसिक सुकून मिलेगा।
मिथुन	खुश-सुविधाओं संबंधी गतिविधियों में अनावश्यक खर्च ना करें। इस समय अपने बजट पर भी ध्यान रखना जरूरी है।
कर्क	स्वास्थ्यों से संबंधित के बजाय अपना स्वास्थ्य ठीक की कोशिश करें। किसी मित्र की मदद सहयोग आपको सक्रिय कर सकती है।
सिंह	मन में कुछ हल की स्थिति भी रहेगी। ऐसा लगेगा कि आपकी भावनाओं का कोई महत्व नहीं रहा उठ रहा है।
कन्या	व्यावसायिक कार्यों में अपनी सक्रियता से अपना निवेश ला सकते। और जल्दी कार्य सफलता अपने की स्थिति बन रही है।
तुला	किसी कुछ व्यक्तियों से सीख लेकर आप अपनी कार्य प्रणाली में सुधार लाएंगे। आर्थिक व्यावसायिक मामलों में भी सफलता मिलेगी।
वृश्चिक	पैतृक संबंधों में किसी नजदीकी मित्र की तरफ से घर में कुछ मतभेदताओं उत्पन्न हो सकती है।
धनु	किसी मित्र सम घर पर रस मनमुटाव टूट होना आपसी संबंधों में भी नजदीकी आएगी। आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य भी पूरा हो सकता है।
मकर	आपके ठेकेदारी के कार्यों से अलग कुछ नई चीजें सीखने सीखाने का भी मौका मिलेगा। पारिवारिक के प्रति आपका योगदान रहेगा।
कुंभ	कारोबारी मामलों में अत्यधिक कार्यभार की वजह से समयानुसार बिठाने में कुछ दिक्कतें आएंगी। कुछ नया प्रस्ताव भी सामने होगे।
मीन	प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त संबंधी कोई महत्वपूर्ण डील हो सकती है। व्यवसाय संबंधी नए संबंध उत्पन्न कर सकते है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक सलामत मियां ने बी.एफ.एल. इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा गौतमबुद्धनगर से छपवाकर/ मुद्रितकर सी-93, दूसरी मंजिल, आरडीसी राजनगर गाजियाबाद (उ.प्र.) से प्रकाशित किया। संपादकः रोहित शर्मा
प्रधान सम्पादकः सलामत मियां
सलाहकार संपादकः राज कौशिक
प्रधान कार्यालय : सी-93, दूसरी मंजिल, आरडीसी राजनगर गाजियाबाद, (उ.प्र.)
फोन नं. 0120-2820060, मो. : 9810263347, फैक्स : 0120-2820060,
e-mail : -dailyyugkarwat@gmail.com
media_yugkarvat@yahoo.in
Website : www.yugkarvat.in